चिकित्सकीय मन को बनाएं उर्जावान

चिकित्सा जगत की विभिन्न विधाओं से जुड़े तीन हजार डॉक्टर्स एवं नर्सेस ने लिया लाभ



मुंबई। ब्र.कु. मार्क, ब्र.कु. शिवानी, ब्र.कु. रमेश शाह, ब्र.कु. सन्तोष, उपकुलपति प्रो. अरूण जामकर, डॉ. अशोक मेहता मंचासीन हैं।

डॉ. गिरीश पटेल सन्मुखानंद हॉल में उपस्थित तीन हजार डाक्टर्स को सम्बोधित करते हुए।

मुम्बई। चिकित्सा जगत की विभिन्न विधाओं से जुड़े हुए लोगों के बीच सकारात्मक परिवर्तन की बयार लाने के श्रेष्ठ लक्ष्य को लेकर मुंबई के सन्मुखानंद हॉल में ब्रह्माकुमारीज ग्लोबल अस्पताल मुंबई की ओर से 'रिज्युव्हनेटिंग मेडिकल माइंड' विषय पर एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन चिकित्सा विज्ञान महाराष्ट्र युनिवर्सिटी के उपकुलपति प्रो.डॉ. अरूण जामकर ने किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने चिकित्सा सेवाओं में मूल्यों के समावेश करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने वैल्यूज इन हैल्थ केयर-ए स्पीरिचुअल एप्रोच का उद्घाटन किया तथा ब्रह्माकुमारीज मेडिकल विंग के अध्यक्ष डॉ. अशोक मेहता को एम.यू.एच.एस. में वर्कशाप के लिए आमंत्रित किया।

ब्र.कु.शिवानी ने 'लिविंग विद पैशन एण्ड परपज़' विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। यू.के. और यू.एस.ए. से पधारे हुए अन्य महानुभाव वक्ताओं ने न्यूरो साइंस और लिविंग आउट साइड द बॉक्स, इन सर्च ऑफ हारमनी आदि विषयों पर अपने विद्वतापूर्ण विचार रखे। विभिन्न विषयों पर वक्ताओं के रोचक प्रस्तुतिकरण के कारण पूरी सभा में सारे दिन के लिए लोगों में उमंग उत्साह बना रहा। सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री रवीना टंडन ने अपने वक्तव्य में अभिनय से अलग हटकर अपने आंतरिक और बाह्य व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। चिकित्सा व्यवसाय से जुड़े हुए लगभग तीन हजार डॉक्टर्स एवं नर्सेस ने सम्मेलन का लाभ लिया। माइंड बॉडी मेडिसन (एम.बी.एम.)- ए वैल्यू एडीशन फॉर होलिस्टिक ट्रीटमेंट यह एक नया विभाग ग्लोबल हॉस्पिटल में जोड़ने की घोषणा भी इसी दौरान की गयी।

परमात्म अवतरण की बेला है शिव जयंति

जामनगर। शिवरात्रि पर्व पर पूर्व मेयर कनक सिंह, ब्र.कु. सुषमा , डॉ. पी.वी. वसोया व ब्र.कु. जयन्ति।

जामनगर । जिला पंचायत प्रमुख डी.पी.वी. वसोया ने ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा शिव जयंति पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिसकी मुझे तलाश थी वह मुझे यहां ब्रह्माकुमारी संस्था में आकर प्राप्त हुआ। शिवबाबा को साथ पाकर मैं बहुत-बहुत खुश हूँ। आप सभी से अनुरोध करता हूं कि आप भी मेरी तरह शिव बाबा के बच्चे बन जाओ तो अनेक वरदानों से शिवबाबा आपकी झोली भर देंगे और आपका जीवन दिव्य, मधुर और खुशहाल हो जायेगा।

पूर्व मेयर कनक सिंह ने कहा कि परमात्मा ने इस शुभ अवसर पर मुझे निमंत्रण देकर मेरी शिव भक्ति का फल मुझे दिया है। ऐसे पवित्र स्थान और महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवजी का ध्वज लहराने का परम सौभाग्य मुझे जो मिला है, मैं दिल से शिवबाबा का तथा यहां के आयोजकों का शुक्रिया अदा करता हूँ।

ब्र.कु.सुषमा ने कहा कि अब महा परिवर्तन के बाद सुन्दर, सुखकारी दुनिया आने वाली है, जिसमें मनुष्य का जीवन सम्पूर्ण सुखमय होगा। यह भारत पुन: सोने की चिड़िया कहलायेगा। परमात्मा सृष्टि पर आ चुके हैं, तो अब समय है स्वयं को बदलकर विश्व को बदलने का, अब नहीं तो कभी नहीं।

ब्र.कु.प्रीति ने महाशिवरात्रि पर्व का रहस्य समझाते हुए कहा कि रात्रि शब्द ही अज्ञान अंधकार का सूचक है। इस अंधकार को मिटाकर मानव मात्र में सुख शांति प्रदान करना है। परमात्मा शिव ज्ञान का प्रकाश देकर सर्व आत्माओं को मुक्ति-जीवनमुक्ति का वर्सा प्रदान कर रहे हैं। ब्र.कु. मीनी ने मंच का संचालन सफलता पूर्वक किया।

सोनई । शिव जयंति कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए पवन सोलंकी, ब्र.कु. दीपक हरके, ब्र.कु. गंगाधर, एच.आर. वीडियोकॉन, ब्र.कु. दशरथ, ब्र.कु. नलिनी तथा ब्र.कु. अविनाश।

शिव की सुंदर रचना है मनुष्य

सोनई । महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में अनोखे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दस फुट के शिवलिंग पर 77 प्रकार के फूलों का हार अर्पित किया गया। बैंगलोर, मुम्बई, पुणे, कोलकाता तथा थाईलैंड से मंगाये गये फूलों से बना 31 किलो का हार शिवलिंग पर चढ़ाया गया। जिसको देखकर वर्ल्ड अमेजिंग रिकार्ड्स् के अध्यक्ष पवन सोलंकी ने उनका प्रमाणपत्र देकर रिकार्डस् में शामिल किया गया।

ब्र.कु. नलिनी बहन ने शिवरात्रि के आध्यात्मिक मर्म को स्पष्ट करते हुए कहा कि आज हर कोई शांति को प्राप्त करने के लिए मन्दिर तथा मेडिटेशन का सहारा ले रहा है। ऐसे में मैं आज खुशखबरी सुनाना चाहती हूँ जिस दु:खहर्ता सुखकर्ता को आप पुकार रहे हैं वे स्वयं अवतरित होकर सबको शांति प्रदान कर रहे हैं। आप भी परमात्म प्राप्तियां कर सकते हैं।

ब्र.कु. गंगाधर, संपादक, ओमशांति मीडिया ने कहा कि भगवान ने मनुष्य की रचना की तब उन्हें बहुत सुन्दर शक्तियाँ भी दी। मानव के पास मन और बुद्धि की शक्ति होने के कारण ही वह दूसरे प्राणियों से अलग पहचान बनाता है। आज हर मानव मन में अशांति और तनाव जैसे अंधकार के बादल छा गये हैं और (शेष पेज 11 पर)

भारत - वार्षिक 170 रुपये
तीन वर्ष 510 रुपये
आजीवन 4000 रुपये
विदेश - 2000 रुपये (वार्षिक)
कृपया सदस्यता शुल्क 'ओम शान्ति मीडिया' के नाम मनीआर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट माउण्ट आबू) द्वारा भेजें ।

ओम शान्ति मीडिया
सम्पादक : ब्र.कु.गंगाधर
ब्रह्माकुमारीज, शांतिवन, तलहटी
पोस्ट बॉक्स नं. - 5, आबू रोड (राज.) 307510
Enquiry For Membership, Mob. No. - 09414006096
(M)- 9414154344, E-mail : mediabkm@gmail.com,
omshantimedia@bkivv.org, webside:www.omshantimedia.info

प्रति

RNI NO RAJHN/2000/721, NEWS PAPER TO POST CONCSSIONAL REGISTRATION NO. RJ/SIROHI/9623/12-14, 12TH TO 14 TH, 22 ND TO 24TH POSTED TO SHANTIVAN POST OFFICE
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, सलाहकार संपादक: कमल दीक्षित, प्रकाशक: ब्र.कु.करूणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज् मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ.) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट साल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।